an>

Title: Regarding honorarium paid to women workers under ASHA Scheme.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : अध्यक्ष महोदया, 'स्वास्थ्य मिशन', स्वास्थ्य की देखभाल का मनोविकास से गहरा संबंध है। ...(व्यवधान) किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वास्थ्य की देखभाल कार्यक्रमों और सुविधाओं के संबंध में जानकारी होना जरूरी है। ...(व्यवधान) गांवों के लोगों को उनकी पहुंच के अंदर सस्ती और बढ़िया स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने वर्ष 2005 में 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन' की शुरुआत की। ...(व्यवधान) इस मिशन की एक प्रमुख बात थी कि प्रत्येक गांव के लिए एक प्रशिक्षित महिला समुदाय स्वास्थ्य कार्यकर्ता यानी "आशा " मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपलब्ध करायी गयी है। ...(व्यवधान) "आशा " कार्यकर्ता गांव की सहायक नर्स, दाई के बीच कड़ी का काम करती है। ...(व्यवधान) यह समुदाय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के बीच काम करने वाली स्वयं सेविका है। ...(व्यवधान)

ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के वंचित वर्गों विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए जिन्हें स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में कठिनाई होती है, "आशा " पहला आवलंबन है, जिनकी वे सहायता लेते हैं और कार्यकर्ता के टीकाकरण कार्यक्रम को बढ़ावा देने, 'जननी' संबंधी स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में आवश्यक सहायता प्रदान करने, घरों में शौचालय के निर्माण और स्वास्थ्य की देखभाल से संबंधित अन्य कार्यक्रमों में सहायता देती हैं। ...(व्यवधान) स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुचाने वाली "आशा " कार्यकर्ता बहुत उपेक्षित, स्वास्थ्य संबंधित संसदीय समिति ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में उन्हें मासिक मानदेय देने की सिफारिश की थी।...(व्यवधान) कुछ राज्यों ने मानदेय देने की शुरुआत कर दी है। ...(व्यवधान) परन्तु बिहार समेत कुछ जगहों पर उन्हें एक निश्चित मानदेय देने के बदले, कार्य के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ...(व्यवधान) किसी माह उनको एक भी पैसा नहीं मिलता है।...(व्यवधान) मौजूदा समय में उनकी कठिनाई, मेहनत और सामाजिक दायित्व को देखते हुए उन्हें एक निश्चित मानदेय देने की जरूरत है। ...(व्यवधान) जिससे वे अपना काम मेहनत और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित होंगी।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूं कि "आशा " कार्यकर्ताओं को कम से कम 10,000 रुपया प्रतिमाह मानदेय दिया जाये। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री केशव प्रसाद मौर्य,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी और

डॉ. मनोज राजोरिया को श्री ओम प्रकाश यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है। नाना पटोले जी।

â€¦(व्यवधान)